केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो० 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com के लिये विज्ञापन बुक कराये। विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम सम्पर्क
मो० 9450567450
9336715406
भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं० B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :46 अंक 267 शनिवार 26 अप्रैल 2025 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### मंत्री संजय निषाद से भिडा दारोगा

सोनभद्र (आभा) ।कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद ने पिछले दिनों खुलेआम यह कहकर सनसनी फैला दी थी कि कई दारोगाओं का हाथ–पैर तुड़वाने के बाद यहां तक पहुंचा हूं। उन्हीं संजय निषाद से शुक्रवार को सोनभद्र में एक दारोगा का विवाद हो गया। रैली निकाल रहे संजय निषाद के साथ सैकड़ों कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में हुई घटना से वह बेहद आक्रोशित हो गए हैं। पुलिस अधीक्षक को तत्काल दारोगा के खिलाफ एक्शन का अल्टीमेटम दे दिया है। यह भी कहा कि कार्यकर्ता आक्रोशित हैं और रोड पर उतर जाएंगे।

### दुराचार मामले में 20 वर्ष का कारावास

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट विनोद कुमार की अदालत ने 16 वर्षीय पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने के मामले में एक आरोपी को 20 वर्ष कठोर कारावास व 40 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड नहीं अदा करने पर एक वर्ष अतिरिक्त कारावास भुगतनी पड़ेगी। विशेष शासकीय अधिवक्ता वंदना चौधरी व अखिलेश दुबे ने अदालत में विवरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि हर्रैया थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के बाबा ने हरैया थाने में तहरीर देकर कहा 26 जुलाई 2022 को शाम पीड़िता तालाब किनारे गई थी। काफी देर बाद नहीं आने पर तलाशते पहुंचे तो आरोपी आकाश पाण्डेय निवासी बड़हरकला उससे दुष्कर्म कर रहा था। पीड़िता बेहोश थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी आकाश को हिरासत में ले ली। पुलिस ने केस पंजीकृत करके आरोप–पत्र कोर्ट में दाखिल किया था। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद आरोपी आकाश पांडेय को दोषी मानते हुए सजा सुनाई है।

### रोजगार मेला 28 को

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालयध्माडल कॅरियर सेन्टर एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बस्ती के संयुक्त तत्वावधान मे एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन आगामी 28 अप्रैल 2025 पूर्वान्ह 10. 30 बजे से क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय कैम्पस कटरा मूड़घाट रोड बस्ती में किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी अवधेन्द्र प्रताप वर्मा ने बताया कि उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक की भर्ती अधिकारीगण इंटरव्यू के माध्यम से भर्ती करेंगे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में छात्रों ने लहराया सफलता का परचम

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती ।शुक्रवार को यूपी बोर्ड द्वारा हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट का परीक्षा फल घोषित किया गया ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों ने परीक्षा फल में अपना लोहा मनवाया है। हाई स्कूल और इंटर मीडिएट मे कप्तानगंज के माँ गायत्री इंटर कॉलेज के छात्रों ने अपना दबदबा कायम रखा। हाई स्कूल में महक त्रिपाठी को553, नेहा मिश्रा को 545, रागिनी को 539 श्रद्धा यादव को 539 आंचल यादव को 529 अंशिका यादव को 525 अंजली वर्मा को 520 अंक प्राप्त हुए हैं वहीं इंटरमीडिएट में अमृता शुक्ला को 439 यश सिंह को 435 शिखा तिवारी को 433 सौरव ओझा को 430 श्रद्धा निषाद को 430 तथा स्नेहा शर्मा को 423 अंक प्राप्त हुए हैं। पंडित चतुर्भुज तिवारी विमला देवी इंटर कॉलेज कप्तानगंज के हाई स्कूल में अहमद राजा को 536 प्रिंस को 528 पूजा को 515 अंक प्राप्त हुए हैं वहीं इंटरमीडिएट में प्रियाक कसौधन को 424 पलक उपाध्याय को 415 अंक मिले हैं। मां दुर्गा अभिलाष इंटर कॉलेज की छात्र कीर्ति मिश्रा को 570 अंक हासिल हुए हैं कीर्ति मिश्रा का विद्यालय में प्रथम तथा जिले में दूसरा स्थान है।

# आतंकियों की खोज के लिये जारी है सेना का सर्च आपरेशन



श्रीनगर (आभा)। जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले में शामिल आतंकियों के लिए तेजी से सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इस बीच, कठुआ जिले में एक महिला ने दावा किया कि उन्होंने हमले में शामिल आतंकियों को देखा है, जिससे हड़कंप मच गया। इसके बाद कठुआ में बड़े स्तर पर सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन की शुरुआत कर दी है। जानकारी के अनुसार, जम्मू–कश्मीर पुलिस का विशेष अभियान समूह मौके पर पहुंच गया है और तलाशी अभियान चला रहा है।

कठुआ के अलावा, पुलवामा और बारामूला में भी आतंकियों को ढूंढने के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने गोलीबारी करते हुए 26 लोगों की हत्या कर दी थी। इसमें कई लोग घायल भी हुए थे। इसके बाद आतंकी घटनास्थल से भागने में कामयाब रहे थे। स्थानीय पुलिस के साथ–साथ सेना आतंकियों को ढूंढने के लिए बड़े स्तर पर अभियान चला रही है।

वहीं, जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले में शामिल प्रत्येक अपराधी की तलाश की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमलावरों को इस कायरतापूर्ण कृत्य की भारी कीमत चुकानी होगी। उपराज्यपाल ने सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी समेत शीर्ष सैन्य अधिकारियों के साथ सुरक्षा समीक्षा बैठक की। लगभग एक घंटे तक चली बैठक में उपराज्यपाल ने सेना प्रमुख से न केवल पहलगाम आतंकवादी हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को न्याय के दायरे में लाने के लिए प्रभावी कदम उठाने को कहा, बल्कि आतंकवाद के बुनियादी ढांचे और उसके पारिस्थितिकी तंत्र को कुचलने के प्रयासों को भी तेज करने को कहा।

# ठेके पर दो शराबी आपस में भिडे, एक की मौत



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। परसरामपुर थानांतर्गत निपनिया गांव में शराब के ठेके के पास नशे में धुत दो लोग आपस में भिड़ गए। इस दौरान लकड़ी की टुकड़े से हुए हमले में एक व्यक्ति के सिर पर गंभीर चोट आई। उसे अस्पताल के लिए पुलिस ने अस्पताल भिजवाया। लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। एडिशनल एसपी ओपी सिंह, सीओ हर्रैया संजय सिंह ने भी घटनास्थल का मुआयना किया। साथ ही थाने पर पहुंच थानेदार को मुकदमा दर्ज कर आरोपी की धरपकड़ का निर्देश दिया। पुलिस के अनुसार शराब के नशे में घटना कारित की गई है। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि निपनिया निवासी बुद्धिराम (45) पुत्र रामचौहान मिस्त्री का काम करता था। गुरुवार की रात वह एक अन्य मिस्त्री गोपी शर्मा के साथ बैठकर गांव के पास शराब के ठेके पर शराब पी रहा था। दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी होने लगी। आरोप है कि इसी दौरान गोपी शर्मा ने बुद्धिराम पर लकड़ी की पाटी से वार कर दिया। सिर में गंभीर चोट आने से इलाज के दौरान बुद्धिराम की मौत हो गई। थानाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने बताया कि मृतक बुद्धिराम के पुत्र राजेश चौहान की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

# घर-घर पहुंचे शिक्षक, नामांकन के लिये अभिभावकों को जागरूक किया



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। शुक्रवार को विकास खण्ड बनकटी के अन्तर्गत संचालित प्राथमिक विद्यालय खडौहा की प्रधानाध्यापिका विनीता आहूजा के संयोजन में विद्यालय के सहायक अध्यापक एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ विकास खंड बनकटी के संयुक्त मंत्री आदित्यनाथ त्रिपाठी व शिक्षामित्र राकेश उपाध्याय , एस एम सी अध्यक्ष एवं रसोइया सहित पूरा विद्यालय परिवार गांव में डोर टू डोर अभिभावकों से संपर्क करके भारी से विद्यालय में नामांकन करने हेतु जागरुक । अभिभावकों को केन्द्र और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बेसिक शिक्षा से विद्यार्थियों को मिलने वाले सुविधाओं की भी जानकारी दी गई।

प्रधानाध्यापिका विनीता आहूजा एवं सहायक अध्यापक आदित्यनाथ त्रिपाठी ने ग्रामीणों को बताया कि मंडल के सहायक शिक्षा निदेशक संजय कुमार शुक्ला और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार त्रिपाठी का सख्त निर्देश है 6 वर्ष की आयु पूरा करने के उपरांत एक भी बच्चा परिषदीय विद्यालय नामांकन से वंचित नहीं रहने पाएगा उसके नामांकन में जो भी समस्याएं आएंगी उसे विभाग द्वारा निदान कराया जाएगा । विकासखंड बनकटी के खंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार यादव ने स्वयं शिक्षकों के साथ गांव में घूम कर बच्चों का नामांकन करने के लिए प्रेरित करा रहे हैं।

शिक्षक तरह–तरह का स्लोगन तथा पोस्टर एवं हैंड बिल बांट नामांकन करने के लिए लोगों को प्रेरित कर रहे हैं । 'बेसिक शिक्षा ने ठाना है हर बच्चे का परिषदीय विद्यालय में नामांकन कराना है''।

सम्पर्क के दौरान शशिकला, जीतू, धर्मेंद्र, शिवानी प्रीति, प्रियंका,फागू, गुड़िया, महेंद्र सहित तमाम अभिभावकों ने नामांकन करने के लिए प्रेरित करने में सहयोग किया।

# गौतम बुद्ध मुराली देवी की छात्राओं ने लहराया सफलता का परचम

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। गौतम बुद्ध मुराली देवी बालिका इण्टर कालेज गोटवा का हाई स्कूल, इण्टर मीडिएट परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा। प्रबंधक डा. वी.के. वर्मा और प्रधानाचार्य जे.पी. दूबे ने इस सफलता का श्रेय छात्रों और गुरूजनों को दिया जिनके अथक प्रयास से बेहतर परीक्षा परिणाम आया। प्रबंधक डा. वी.के. वर्मा ने बताया कि सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाली बालिकाओं को समारोह पूर्वक पुरस्कृत किया जायेगा।

हाई स्कूल में नीशू वर्मा 91.33 प्रतिशत, रागिनी वर्मा, 87.33, मीनाक्षी 86.67, रूचि 85.33, ज्योति 84.67, भूमि, उन्नति 84.33 और इण्टर मीडिएट में रिया सोनी 87.2, प्रियाशी 84.8, प्राजंल 82.6, आंचल गुप्ता 82.2, शशि वर्मा ने 81.4 अंक अर्जित कर विद्यालय का मान बढाया।

# काली पट्टी बांध कर जुमे की नमाज लगाये पाकिस्तान विरोधी नारे



लखनऊ (आभा)। प्रदेश के संभल और चंदौसी जिले की कई मस्जिदों में शुक्रवार को जुमे की नमाज अदा करने नमाजी काली पट्टी बांधकर पहुंचे और पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की। संभल की शाही जामा मस्जिद में नमाजियों ने पोस्टर लेकर पाकिस्तान और आतंकवादियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। कश्मीर के पहलगाम शहर के बैसरन में मंगलवार को हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हो गयी थी, जिसमें से अधिकतर पर्यटक थे। संभल की शाही जामा मस्जिद में नमाज पढ़ कर निकले साकिर हुसैन ने कहा, जिन निहत्थे लोगों के साथ यह जुल्म हुआ और हमारी बहनों का सुहाग उजाड़ दिया गया, बेहद ही दुखद घटना है। उन्होंने अपना गुस्सा जाहिर करते हुए कहा, "आतंकवादियों और उनके आकाओं को सबक सिखाने का यह सही समय है। मेरी सरकार से गुजारिश है कि इन आतंकवादियों को ऐसा सबक मिले कि नस्ले भी याद रखें।

वहीं सईद अख्तर इसराइली ने कहा, भारत को पाकिस्तान से सारे समझौते रद्द करने चाहिए और जहां–जहां आतंकवादियों के शिविर हैं उन्हें नष्ट कर देना चाहिए।" अख्तर ने कहा, "हमले में मारे गये निहत्थे लोगों के लिए मस्जिद में हम लोगों ने दुआ की। यह पूरी इंसानियत का कत्ल है और इस दुख की घड़ी में हम उन परिवारजनों के साथ हैं।" वहीं चंदौसी की तकिए वाली मस्जिद में नमाज पढ़ने के बाद शाह आलम मंसूरी ने कहा कि पाकिस्तान लगातार भारत में आतंकवाद करके निर्दोष लोगों की जान ले रहा है लेकिन अबकी बार आर पार से कम बात नहीं होनी चाहिए।


# बस्ती में कांग्रेस की प्रदेश स्तरीय संविधान बचाओ रैली 28 को

## –प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के साथ अनेक दिग्गज नेता लेंगे हिस्सा

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। आगामी 28 अप्रैल को पं. अटल बिहारी बाजपेई प्रेक्षागृह के परिसर में दिन में 11 बजे से कांग्रेस द्वारा जिलाध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी के संयोजन में प्रदेश स्तरीय संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया है।

यह जानकारी देते हुये कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कार्यक्रम संयोजक लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी बसन्त चौधरी ने बताया कि संविधान बचाओ रैली में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय, प्रदेश सचिव सत्य नरायन पटेल के साथ ही अनेक वरिष्ठ नेता, प्रदेश के अनेक सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, विधायक, कार्यकर्ता हजारों की संख्या



में हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम संयोजक बसन्त चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम की सफलता के लिये तहसील, ब्लाक और न्याय पंचायत स्तर पर पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं में दायित्वों का वितरण कर दिया गया है। बताया कि केशव चन्द यादव, पूर्व विधायक अम्बिका सिंह, राम जियावन, अनूप पाण्डेय, जयकरन वर्मा और वीरेन्द्र प्रताप नरायन पाण्डेय, ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ज्ञानू को संयोजक मण्डल का दायित्व सौंपा गया है। बताया कांग्रेस जिलाध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी के संयोजन में पदाधिकारी, तहसील, ब्लाकों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने संविधान बचाओ रैली की सफलता के लिये ताकत झोंक दिया है।

# हाईस्कूल में श्रेयांश और अंश, इंटर में अंकिता बस्ती में बनीं जिले की टॉपर

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**



बस्ती। माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित होते ही परीक्षार्थियों के चेहरे खिल गए। शुक्रवार को जारी यूपी बोर्ड के इंटरमीडिएट में छात्राओं ने बाजी मारी तो हाईस्कूल के परीक्षाफल में छात्रों का दबदबा रहा। हाईस्कूल में हाजी मो. अमीन इंटर कॉलेज हर्रैया के छात्र श्रेयांश शर्मा और डीआरसी राष्ट्रीय सैनिक स्कूल भीटीमिश्र के छात्र अंश वर्मा ने संयुक्त रूप से जिला टॉप किया है। दोनों को 95. 50 फीसदी अंक हासिल हुए हैं। वहीं इंटरमीडियट में डीआरसी राष्ट्रीय सैनिक स्कूल भीटीमिश्र की छात्रा अंकिता वर्मा ने 93.20 फीसद अंक के साथ जिला टॉप किया है। जिलास्तर पर इंटर की टॉप टेन की सूची में शामिल कुल 16 विद्यार्थियों में नौ छात्राओं ने जगह बनाई, जबकि सात छात्र शामिल रहे। इसी तरह हाईस्कूल की टॉप टेन सूची में शामिल 26 बच्चों में 19 छात्रों और सात छात्राएं ने जगह बनाई है। जिले की मेरिट में स्थान बनाने वाली अधिकतर मेधावी ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों के हैं।

शुक्रवार को जारी रिजल्ट के अनुसार जिले में हाईस्कूल में 94.60 फीसदी और इंटर में 89.25 फीसदी छात्रों ने परीक्षा उतीर्ण की है। हाईस्कूल में इस साल 39503 विद्यार्थी पंजीकृत हुए थे, जिसमें से 36997 ने परीक्षा में हिस्सा लिया। इसमें 35026 ने परीक्षा पास की। इसी तरह इंटर में 39405 पंजीकृत छात्रों में से 37197 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया और 33215 उत्तीर्ण हुए हैं।

# इण्डो–इजराइल कृषि, बागवानी, सिंचाई का चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र के अन्तर्गत संचालित इण्डो–इजराइल सेन्टर आफ एक्सीलेन्स फार फ्रूट्स, राष्ट्रीय बागवानी विकास मिशन, भारत सरकार, मशाव, एम्बेसी आफ इजराइल, नई दिल्ली तथा उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन बंजरिया में किया गया। उक्त जानकारी देते हुए संयुक्त निदेशक, औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र भानु प्रकाश राम ने बताया कि ''सिंचाई व पोषण प्रबन्धन'' से सम्बन्धित चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम में ''आधुनिक उन्नत स्वचालित सिंचाई प्रणाली'', ''एरोपोनिक व हाईड्रोपोनिक तकनीकी से सब्जियों के उत्पादन'' विषय पर दिया गया। नेटाफिम इरीगेशन के प्रतिनिधि प्रशांत पंचोली, दीपक जंजीरे द्वारा प्रशिक्षण तथा प्रशिक्षण विषयों से सम्बन्धित ऑनलाइन क्विज'' संदीप




जावलेकर द्वारा किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में माइक्रोइरीगेशन की सम्पूर्ण तकनीकी, जिससे भविष्य में कृषि व बागवानी फसलों के उत्पादन हेतु अल्प जल उपलब्धता का सामना करने के लिए कम पानी से फसलों को उचित समय पर समुचित पोषक तत्वों के साथ पौधों के रूट जोन में सिंचित करने की उपयोगी जानकारी दी गई। आने वाले समय में बढ़ती हुई जनसंख्या की खाद्य आवश्यकता की पूर्ति हेतु एरोपोनिक तकनीकी व हाइड्रोपोनिक तकनीकी से मृदा रहित माध्यम द्वारा विभिन्न सब्जियों का उत्पादन कर सम्पूर्ण मानव जाति के लिए भोजन उपलब्ध कराया जा सकेगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, केरल, हरियाणा, राजस्थान, तमिलनाडु, पंजाब, महाराष्ट्र, हिमांचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना तथा उत्तर प्रदेश में स्थापित इण्डो–इजराइल सेन्टर आफ एक्सीलेन्सेज के प्रतिभागियो तथा उ0प्र0 के जनपदीय अधिकारियों को दी गई उपयोगी व बहुमूल्य जानकारी को अपने कार्य क्षेत्र में प्रसारित कर, कृषकों को अपने प्रक्षेत्र पर इरीगेशन व फर्टीगेषन की तकनीकी अपनाने हेतु प्रोत्साहित करने का संयुक्त निदेशक द्वारा आवाहन किया गया।

इस अवसर पर संयुक्त निदेशक, औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र, द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण–पत्र व स्मृति चिन्ह का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी, इण्डो–इजराइल सेन्टर आफ एक्सीलेन्स फार फ्रूट्स, बंजरिया अनीश कुमार श्रीवास्तव तथा ब्रम्हदेव, प्रोजेक्ट आफिसर, मशाव, एम्बेसी आफ इजराइल, नई दिल्ली सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहें।


# आतंकी हमले के विरोध में बस्ती में बंद रहे स्वर्ण व्यापारियों के प्रतिष्ठानः लगभग 3 करोड़ रूपये का कारोबार प्रभावित

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। शुक्रवार को सर्राफा एवं स्वर्ण व्यवसायी संघ प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर जिलाध्यक्ष कुन्दन वर्मा के संयोजन में कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि व्यक्त करने के साथ ही बस्ती शहर के साथ ही जनपद के विभिन्न हिस्सों में स्वर्ण व्यापारियों ने अपनी– अपनी दूकाने बंद रखी। शादी विवाह के मौसम में दूकानों के बंद होने से लोगों को असुविधा हुई। लगभग 3 करोड़ रूपये का कारोबार प्रभावित हुआ। संघ पदाधिकारियों ने एक स्वर से केन्द्र सरकार से मांग किया कि आतंकवाद के समूल नाश के लिये केन्द्र सरकार प्रभावी कदम उठाये।

जिला अध्यक्ष कुंदन लाल वर्मा ने कहा कि इस बन्दी का उद्देश्य आतंकवाद के विरूद्ध वातावरण सृजित करना है।

बन्दी को सफल बनाने में जिला महामंत्री मनोज सर्राफ, प्रभात सोनी,




सपन सर्राफ, नगर अध्यक्ष राकी सोनी, ओमनाथ सर्राफ, विष्णु सोनी, मणिनाथ, मनीष अग्रवाल, बब्लू सोनी, रामजी बरनवाल, मोती सर्राफ, रितेश सोनी, दिनेश सोनी चन्दन सर्राफ, सूरज सोनी, विश्वनाथ वर्मा, कल्लू गुप्ता, शिव, गोपाल सर्राफ, मोहन सोनी, वैभव गुप्ता, पंकज सोनी, राजू सोनी, दिवाकर रोहित कपूर, सचिन, बेदानन्द, संजय गुप्ता, विश्वनाथ सोनी शुभम, श्याम कुमार, सुजीत सोनी, टुनटुन सोनी, विजय कुमार, विनोद सर्राफ विरेन्द्र कुमार, अमरनाथ सोनी, हरिमोहन, रामकृष्ण, ऋषि वर्मा, सूर्य प्रकाश, मो० सैफुल, संतोष सोनी, आलोक कुमार, शतीष कुमार, विवेक, कृष्णकान्त सोनी, राकेश सोनी, पप्पू सर्राफ ,रामचन्दर सर्राफ, शिद्वान्त जायसवाल, अबीर सेठ, गुड्डू सोनी, अंकुश ,तानाजी, बसन्त कुमार, आनन्द कुमार सहित अनेक लोगो ने योगदान रहा।

*''मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता''–वेंडेल फिलिप्स*

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 26 अप्रैल 2025 शनिवार

## सम्पादकीय

### कश्मीर के पर्यटन पर भी हमला

इसमें दो राय नहीं कि सीमा पार पाक के सत्ता प्रतिष्ठानों की शह पर कट्टरपंथी ताकतों की साजिश के चलते पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ हमला बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है, जो आतंकियों की हताशा को ही दर्शाता है। लेकिन पहलगाम का आतंकी हमला कश्मीरियों पर दोहरी मार है। इस हमले का कश्मीर के पर्यटन उद्योग पर घातक प्रभाव नजर आ रहा है। जिस तेजी से पर्यटक कश्मीर छोड़ रहे हैं और बाकी लोग अपनी अग्रिम बुकिंग रद्द करा रहे हैं, वह कश्मीरियों के लिये अप्रत्याशित है। शायद स्थितियां सामान्य होने में वर्षों लग जाएंगे। घाटी में रहने वाले लोग पर्यटकों की संख्या में अभूतपूर्व कमी के कारण भारी नुकसान की आशंका जता रहे हैं। दरअसल, लंबे अंतराल के बाद कश्मीर के पर्यटन उद्योग के पटरी पर लौटने के बाद स्थानीय लोगों ने ऋण लेकर अपने कारोबार नये सिरे से खड़े किए थे। अब उन लोगों के सामने न केवल जीविका का संकट है बल्कि फिक्र है कि वे लिए गये कर्ज कैसे चुकाएंगे। उनकी आकांक्षा है कि घाटी में स्थितियां जल्दी से सामान्य हों। वहीं इस संकट का दूसरा पहलू अन्य राज्यों में रह रहे कश्मीरी छात्रों और व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर है। निस्संदेह, पहलगाम की घटना ने पूरे देश को दुःखी किया है। जैसे–जैसे आतंकियों के निर्मम हमले से जुड़ी कहानियां निकल रही हैं, समाज में तल्ख प्रतिक्रिया नजर आ रही है। कश्मीरी लोग आशंकित हैं कहीं इस आक्रोश से उपजे रोष का शिकार कश्मीर मूल के लोगों को न होना पड़े। निश्चित रूप से किसी भी सभ्य समाज में ऐसी कोई प्रतिक्रिया नहीं होनी चाहिए कि आतंकवादियों के कुकृत्यों का खमियाजा निर्दोष लोगों को भुगतना पड़े। यही वजह है कि जम्मू–कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती और पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के प्रमुख सज्जाद लोन जैसे प्रमुख राजनेताओं ने कश्मीरियों की सुरक्षा को लेकर चिंता जतायी है। ऐसे में केंद्र व राज्य सरकारों से उम्मीद की जा रही है कि वे विभाजनकारी तत्वों पर नकेल डालेंगे।

निस्संदेह, इस बात को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए कि पहलगाम की दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद पहली बार घाटी में आतंकवाद के खिलाफ मुखर प्रतिक्रिया सामने आई है। कश्मीर में सक्रिय रहने वाले राजनीतिक दलों, व्यापार निकायों और सामाजिक–धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ ही आम लोगों ने भी पहलगाम हमले के दौरान हुई पर्यटकों की हत्या की निंदा की है। उन्होंने सीमा पार से आतंकवाद की पाठशाला चलाने वाले लोगों को सख्त संदेश दिया कि हमारे मामलों में तुम्हें फिक्र करने की जरूरत नहीं है। कश्मीर के लोगों ने साफ संदेश भेजा है कि दृ'हमारे नाम पर नहीं।' कश्मीरियों ने बताया कि उन्हें उन आतंकवादियों से किसी भी तरह की सहानुभूति नहीं है, जो मानवता के खिलाफ अपने अपराधों से कश्मीर के साथ–साथ इस्लाम को भी बदनाम कर रहे हैं। निस्संदेह, पहलगाम के क्रूर हमले के बाद पूरे देश में गुस्सा चरम पर है। ऐसे में राजनीतिक दलों और धार्मिक संगठनों को इस आक्रोश को बढ़ाने के बजाय इसे शांत करने का प्रयास करना चाहिए। देश के संघीय स्वरूप व सद्भावना की हर कीमत पर रक्षा की ही जानी चाहिए। पहलगाम की घटना के बाद तल्खी दिखा रहे लोगों को याद रखना चाहिए कि यह कश्मीरी टट्टूवाला सैयद आदिल हुसैन शाह ही था, जिसने बंदूकधारी आतंकवादियों से पर्यटकों को बचाने की कोशिश करते हुए अपनी जान कुर्बान कर दी थी। एक बहादुर व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जब वह हमलावर आतंकी से हथियार छीनने की कोशिश कर रहा था। कश्मीरियों के बारे में गलत धारणाओं को दूर करने के लिये उनके निरूस्वार्थ साहस और वीरता को व्यापक रूप से स्वीकार किया जाना चाहिए। बल्कि उनकी प्रशंसा की जानी चाहिए। एक कायरतापूर्ण आतंकी हमले के लिये पूरे राज्य के लोगों को दोषी ठहराना सांप्रदायिक सद्भाव को पलीता लगाने जैसा है, जो हमारे धर्मनिरपेक्ष सामाजिक ताने–बाने को नुकसान भी पहुंचा सकता है। हमें विगत में आतंकी हमले के लिए संप्रदाय विशेष को दोषी ठहराने के बाद हुई प्रतिक्रियाओं को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। कोशिश हो घटनाक्रम के बाद उपजे शोर में समझदार आवाजें दब न जाएं।

# पहलगाम हमले के बाद रणनीतिक कदम

**–विवेक काटजू–**



गत 22 अप्रैल को पहलगाम के बैसरन में निर्दोष पर्यटकों पर हुए कायराना आतंकवादी हमले से पूरा देश बहुत गुस्से और व्यथा में है। इस हमले में भारत के विभिन्न हिस्सों से आए 28 निर्दोष पर्यटकों की जान चली गई। देश के समूचे राजनीतिक वर्ग ने इसकी निंदा की है, हालांकि कुछ विपक्षी दल यह मांग भी कर रहे हैं कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के जिम्मेवार लोगों से जवाबतलबी हो। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ने भी इस जघन्य कांड की भर्त्सना की है और महत्वपूर्ण देशों के नेताओं ने कहा है कि वे आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ खड़े हैं।

हालांकि, इस तरह का समर्थन पर्दे के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संयम बरतने की अपील के बावजूद है, तथ्य यह है कि यह हमला मोदी सरकार के समक्ष सुरक्षा एवं जनसंपर्कों में बहुत गंभीर चुनौती पेश करता है। पुलवामा या गलवान के विपरीत, जहां रक्षा कर्मी शहीद हुए, बैसरन में आतंकवादियों ने निर्ममतापूर्वक नागरिकों को चुन–चुनकर निशाना बनाया। इसलिए यह कहना कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि देश की निगाहें मोदी पर होंगी। यह उम्मीद की जाएगी कि वह बैसरन के अपराधियों, उन्हें सहायता देने वालों तथा प्रायोजित करने वालों को पूर्ण तथा माकूल जवाब देंगे, खासकर 2019 के बाद से जम्मू–कश्मीर में सामान्य स्थिति बहाल करने के दावों के बाद।

इस कांड को अंजाम देने का दावा 'रेजिस्टेंस फ्रंट' नामक संगठन द्वारा ली गई है, जिसके बारे में माना जाता है कि वह लश्कर–ए–तैयबा (एलईटी) से संबंधित है। जिन लोगों को भारत के खिलाफ पाकिस्तानी आतंकवाद के तौर–तरीकों के अध्ययन करने का लंबा अनुभव है, उन्हें सहज रूप से पता होगा कि इस तरह का हमला पाकिस्तानी जनरलों के खास आदेशों के बिना कभी संभव नहीं है। इसलिए, सर्वप्रथम आकलन उस वजह का बनता है जिसके कारण पाकिस्तानी जनरलों ने हमले का आदेश दिया होगा। अफगान तालिबान के साथ भारत के संबंधों में प्रगति से वे नाखुश हैं, इस पर उन्होंने काफी नजर बनाए रखी है। वे भारत को तहरीक–ए–तालिबान– ए–पाकिस्तान और बलूच विद्रोही समूहों की मदद करने में जिम्मेदार मानते हैं। इस सबके अलावा 11 मार्च को 'जाफर एक्सप्रेस' पर बलूच लिबरेशन आर्मी के हमले के बाद भारत के प्रति उनका गुस्सा और तीव्र हुआ। पाकिस्तानी सेना ने उस हमले के लिए भारत को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया। हालांकि पाकिस्तानी प्रतिष्ठान और उसके विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया अधिक संयमित और सतर्क थी।

जाफर एक्सप्रेस पर हमले के बाद पाकिस्तान में जो कुछ हुआ उसके तमाम पहलुओं का अध्ययन करने के बाद इस लेखक ने गत 21 मार्च को 'फर्स्टपोस्ट' में एक लेख लिखा। इसका समापन पैराग्राफ बैसरन हमले में प्रासंगिक है और इस प्रकार है – 'बीएलए हमले के तुरंत बाद, पाकिस्तानी सेना ने कहा कि इसके साथ 'खेल के नियम बदल गए हैं'। चौधरी (लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी, महानिदेशक, इंटर–सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस) से एक प्रेस वार्ता में इन शब्दों की व्याख्या करने के लिए कहा गया था। इस पर उन्होंने जो शब्द कहे उन पर भारतीय विश्लेषकों और नीति–निर्माताओं को बारीकी से ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा : 'बीएलए और (आतंकी समूहों) से उसी तरह निपटा जाएगा जिसके वे 'हकदार' हैं और यही बात उनके सूत्रधारों और उकसाने वालों पर भी लागू है, चाहे वे पाकिस्तान के अंदर हों या बाहर'।

पाकिस्तानी सेना अपना हिसाब चुकता करने में 'बदल' (जिसका पश्तो में अर्थ है बदला) परंपरा का पालन करती है। भारत के खिलाफ यही करती आई है, वह बात अलग है इस चक्कर में उन्होंने देश को कंगाल बना डाला। टकराव के अलावा उसे कोई राह न सूझती। यह उनकी फितरत का हिस्सा है व हरेक सेना प्रमुख को यही दिखाना होता है कि 'माकूल जवाब' देने में वह सबसे आगे है, खासकर उस संस्था पर हमले के मामले में, जिसका वह नेतृत्व करता है, जिसको लेकर राय या गलतफहमी पाले रखता है कि यह भारत का काम है। ऐसे में, संभव है कि पाकिस्तानी सेना निकट भविष्य में भारत में किसी आतंकवादी घटना को प्रायोजित करने का प्रयास करे।

इसमें संदेह नहीं कि भारतीय नीति निर्माता इस बड़ी संभावना से अवगत रहे होंगे। भारतीय प्रतिष्ठान को यह खुला संदेश देना चाहिए कि किसी भी पाकिस्तानी दुस्साहस का उचित जवाब दिया जाएगा और यह भी कि स्थिति के आगे बिगड़ने की पूरी जिम्मेदारी उसकी होगी। यह अवसर बालाकोट हमले से अपनाए गए 'पूर्व–प्रतिक्रिया सिद्धांत' को दोहराने का एक उपयुक्त ढंग खोजने का भी है।

अग्रणी एवं मित्र देशों को यह भी सूचित किया जाना चाहिए कि वे पाकिस्तान को जम्मू–कश्मीर तथा अन्य स्थानों पर प्रायोजित आतंकवाद से गर्मी बढ़ाने के खिलाफ चेतावनी दें। और, निश्चित रूप से उन्हें पाकिस्तान को स्पष्ट कर देना चाहिए कि वे दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे मतभेदों के हल में हस्तक्षेप न करें, जैसा कि पाकिस्तानी सेना हमेशा से करवाना चाहती रही है'।

यह स्पष्ट नहीं कि भारतीय सुरक्षा प्रतिष्ठान ने चौधरी की उक्त मीडिया ब्रीफिंग को कितनी गंभीरता से लिया, लेकिन भारत में 16 अप्रैल को विदेशी पाकिस्तानियों को दिए गए पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के बयान पर काफी ध्यान दिया गया है। जब उन्होंने दो–राष्ट्र सिद्धांत का जिक्र किया था, जो पकिस्तानी सोच की आखिरी सीमा है और जिसकी रक्षा करने की शपथ सेना ने ले रखी है, मुनीर ने स्पष्ट वह कह डाला, जो सेना और अधिकांश पाकिस्तानी अंदर ही अंदर मानते हैं, लेकिन कहते नहीं यानी 'हिंदू और मुसलमान दो अलहदा मुल्क हैं, जिनमें कोई मेल नहीं हो सकता'। उन्होंने बलूची आतंकवादियों पर गुस्सा जाहिर किया, लेकिन जोर देकर कहा कि वे पाकिस्तान की एकता भंग नहीं कर पाएंगे। मुनीर का यह कहना कि जम्मू–कश्मीर पाकिस्तान की 'गले की नस' है, भी पुरानी बात है। मुनीर के इस भाषण में भारत के प्रति दुश्मनी स्पष्ट झलकती है, लेकिन मौजूदा आतंकी हमले का कारण जानने के लिए चौधरी के बयान पर वापस आना जरूरी है।

बैसरन हमले के जवाब में रणनीति बनाते समय मोदी को पूरा अहसास होगा कि देश के कोने–कोने से आए निर्दोष नागरिकों की हत्या का यह कांड भारतीय जनता के लिए 'अस्वीकार्य' की श्रेणी में है। इसके उलट, उड़ी और पुलवामा में हुए हमले भारतीय सैनिकों के खिलाफ थे। जाहिर है, कोई भी प्रतिक्रिया अचानक से या तत्काल नहीं हो सकती, लेकिन वह होनी चाहिए, जो भारतीय जनमानस को प्रभावी रूप से संतुष्ट करे। जाहिर है, बैसरन के बाद कोई बना बनाया नुस्खा पेश करना आसान नहीं होगा।

अपरिहार्य है कि भारत–पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने को महाशक्तियां बीच–बचाव करने आएं। पाक जनरलों का आग्रह होगा कि द्विपक्षीय समस्याओं यानी जम्मू–कश्मीर समस्या के मूल कारणों में जाने के लिए उनकी भागीदारी जरूरी है। वे इसपर अमल के लिए यूएनएससी या डोनाल्ड ट्रम्प का आह्वान कर सकते हैं, लेकिन भारत को दो टूक स्पष्ट करना चाहिए कि भारत–पाकिस्तान के मुद्दों को द्विपक्षीय रूप से ही सुलझाया जाए। भारत ने कूटनीतिक तरीके से पहला झटका दिया है कि 1960 की सिंधु जल संधि, जो दो युद्धों से बची हुई है, को तत्काल निलंबित कर दिया जाएगा, और दोनों देशों में राजनयिक मिशनों की पहले से ही कम संख्या को आधा कर दिया जाएगा। देश जानता है कि यह केवल पहला कदम है, पाकिस्तान के साथ–साथ दुनिया के लिए चेतावनी है कि भारत इस मामले को लेकर गंभीर है।

–लेखक भारत सरकार के पूर्व विदेश सचिव हैं।

# पहलगाम आतंकी हमले से सुलगते सवाल

**– कमलेश पाण्डेय–**

कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है, क्योंकि इस क्रूर इस्लामिक मिजाज वाले हमले में दो दर्जन से ज्यादा लोग मरे गए हैं और एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। यहाँ पर बहशी आतंकियों ने जिस तरह से नाम पूछ–पूछ कर, कलमा पढ़वाने की बात करके, शक होने पर खतना चेक करके निर्दोष लोगों पर गोलियां बरसाई, उसने मानवता को हिलाकर रख दिया है। वहीं इस घटना के कई वीडियो जिस तरह से इंटरनेट पर वायरल हो रहे हैं, उनमें इस हमले की बर्बरता स्पष्ट दिखाई दे रही है। इसलिए पुनः सुलगता हुआ सवाल यही कि आखिर कबतक रुकेंगे ऐसे आतंकवादी हमले और इन्हें रोकने में हमारा प्रशासन हर बार क्यों विफल हो जाता है? अलबत्ता पहलगाम आतंकी हमले से सुलगते हुए सवाल अब मांग रहे हैं दो टूक जवाब, लेकिन आखिर इसे देगा कौन? यक्ष प्रश्न है!



कहना न होगा की साँपों को दूध पिलाने वाले और आतंकियों को बिरियानी खिलाने वाले इस देश में अब आमलोगों की जिन्दगी में यही बदनसीबी बदी हुई है, क्योंकि पुलिस और सैन्यबल के जवान तो बड़े बड़े नेताओं, नौकरशाहों, जजों और उनके मित्र उद्योगपतियों की निर्विघ्न यात्रा के सम्पादन में जुटे हुए रहते हैं! वहीं 'मिनी स्विट्जरलैंड' के नाम से मशहूर पहलगाम की वादियों में पुख्ता सुरक्षा इंतजाम क्यों नहीं किए गए, यह जम्मू–कश्मीर की उमर अब्दुल्ला सरकार और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा को स्पष्ट करना चाहिए, क्योंकि यह उनकी स्पष्ट लापरवाही नहीं तो फिर क्या है, वही बता सकते हैं?

आपको बता दें कि यह आतंकी हमला मंगलवार दोपहर करीब 2रू30 बजे हुआ, जिसमें करीब 50 राउंड फायरिंग की गई। लश्कर–ए–तैयबा (स्मज) से जुड़े द रेजिस्टेंस फ्रंट (ज्स्थ) ने इस घृणित काम की जिम्मेदारी ली है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल ये है कि इस आतंकी घटना के पीछे का कारण क्या है? आखिर क्यों दहशतगर्तों ने पहलगाम और पर्यटकों को ही निशाना बनाया? वहां भी महिलाओं और बच्चों को छोड़कर सिर्फ पुरुषों को ही निशाना क्यों बनाया?

सवाल यह भी है कि अमरनाथ यात्रा से पहले ही पहलगाम में पर्यटकों को निशाना क्यों बनाया गया? मसलन कुछ लोगों ने यह बताया है कि ये आतंकवादी हमले 'वक्फ अधिनियम में संशोधन' के बाद नरेंद्र मोदी सरकार को एक बड़ा संदेश देना चाहते थे और इसलिए उन्होंने अपना सारा गुस्सा पर्यटकों पर ही निकाला है। क्योंकि वायरल वीडियो में से एक वीडियो में पीड़िता कहते हुए दिख रही है कि उसके पति को गोली मारने के बाद आतंकी ने कहा था श्बता देना अपने मोदी को।श इससे साफ है कि क्या वो देश की सरकार को यह संदेश देना चाह रहे थे कि वो उनकी किसी भी बात को नहीं मानेंगे? ऐसे में पुनः वही सवाल उठता है कि क्या कश्मीर में कांग्रेस के सहयोग से निर्वाचित नेशनल कांफ्रेंस की उमर अब्दुल्ला सरकार में आतंकवाद फिर से जिंदा हो चुका है? क्योंकि जिस तरह से अमरनाथ यात्रा से पहले ये सुनियोजित और अप्रत्याशित हमला हुआ है, उसने एक बार फिर से कश्मीर में आतंकवाद के जिंदा होने का स्पष्ट प्रमाण दे दिया है।

अलबत्ता अब सांप भाग जाने पर लकीर पीटने जैसी कार्रवाई से खोया हुआ पर्यटक विश्वास तुरंत बहाल नहीं किया जा सकता है। क्योंकि ये आतंकी हमला कोई पहली बार नहीं हुआ है जब अमरनाथ यात्रा के बेस कैंप पहलगाम को निशाना बनाया गया है। आंकड़े बताते हैं कि इससे पहले 6 अगस्त 2002 को पहलगाम में एक शिविर पर हुए हमले में नौ लोग मारे गए थे, जबकि 20 जुलाई 2001 को भी एक शिविर पर हुए हमले में 13 लोगों की मौत हो गई थी। यदि देखा जाए तो बीते ढाई दशक में इस तरह का यह 11वां बड़ा हमला है, जिनमें अभी तक 227 लोगों ने अपनी जान गंवाई है।

दरअसल जम्मू–कश्मीर में आम लोगों पर हुए बड़े आंतकी हमलों में एक आतंकी हमला 21 मार्च 2000 की रात को अनंतनाग जिले के छत्तीसिंहपोरा गांव में किया गया था। जिसमें आतंकियों ने अल्पसंख्यक सिख समुदाय को निशाना बनाया गया था। इस आतंकी हमले में कुल 36 लोगों की जान गई थी, जबकि कई अन्य लोग घायल भी बताए गए थेद्य वहीं इसी साल यानी 2000 के अगस्त माह में पहलगाम के नुनवान बेस कैंप आतंकी हमला हुआ था जिसमें अमरनाथ तीर्थ यात्रियों को निशाना बनाया गया थाद्य इस हमले में स्थानीय लोगों के साथ–साथ कुल 32 तीर्थ यात्रियों की हत्या की गई थी।

इसके बाद जुलाई 2001 में भी अमरनाथ यात्रियों को आतंकियों ने फिर निशाना बनाया। इस हमले में आतंकियों ने 13 लोगों की हत्या की थीद्य ये हमला अनंतनाग के शेषनाग बेस कैंप पर हुआ था। वहीं जम्मू–कश्मीर के श्रीनगर में राज्य विधानमंडल परिसर पर आत्मघाती आतंकी हमला हुआ था, जिसमें 36 लोग मारे गए थे जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। वहीं वर्ष 2002 में कश्मीर के चंदनवारी बेस कैंप पर आतंकी हमला हुआ, जिसमें 11 अमरनाथ यात्री मारे गए थे। वहीं 23 नवंबर 2002 को जम्मू–श्रीनगर नेशनल हाइवे पर आतंकी हमला हुआ था, जिसमें इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस से विस्फोट किया गया थाद्य इस हमले में 9 सुरक्षाकर्मी, तीन महिलाएं और दो बच्चों समेत 19 लोगों की जान चली गई थी।

ऐसे में आप खुद सोचिए कि जब आगामी 27 जून, 2025 से अमरनाथ यात्रा शुरू हो रही है, जो पहलगाम से ही शुरू होती है। ऐसे में उसी इलाके को आतंकियों ने निशाना बनाकर बहुत खतरनाक संदेश दिया है। सवाल यह भी है कि जब सऊदी अरब में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहुंचे थे, जयपुर में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे डी वेंस घूम रहे थे, तब ये आतंकी हमला क्यों किया गया? इसका मकसद क्या है? क्या यह हिन्दुओं और मुसलमानों के बीच नफरत की खाई और चौड़ी करने का एक और प्रयास है?

# घाटी में बहा बेगुनाहों का लहू : गुस्से में देश

**– उमेश चतुर्वेदी–**

कश्मीर घाटी में पिछले कुछ वर्षों में सिर्फ परिंदे ही नहीं चहचहा रहे थे, बल्कि देश–दुनिया से आए सैलानी भी यहां की खूबसूरती में अपना सहयोग दे रहे थे..वे भी परिंदे की तरह घाटी के कैनवस को और ज्यादा खूबसूरत बना रहे थे..यह खूबसूरती पाकिस्तान परस्त उन आतंकियों को नहीं देखी गई, जिनके लिए कश्मीर गले की नस की तरह है। अपने गले की इस नस को बचाने के लिए आतंकियों ने बाइस अप्रैल का दिन चुना, और 26 बेगुनाह लोगों का रक्त घाटी की हरियाली चादर पर बिछा दिया..ये प्राकृतिक रंग होता तो धानी कैनवस पर खूबसूरत होता..लेकिन लहू का सुर्ख रंग कभी खूबसूरती का सबब नहीं बनता..वह वीभत्सता का जरिया बनता है..जब किसी बेगुनाह का लहू जब धरती पर गिरता है तो वह क्षोभ और क्रोध का जरिया बन जाता है..बेशक यह लहू सूख जाता है, लेकिन उसकी तासीर मानवता के दिल और दिमाग में कहीं गहरे तक रच जाता है..उसे धरती पर बहाने वाले के लिए वही सैलाब बन जाता है और उस सैलाब में एक दिन उसे बहाने वाले बह जाते हैं।



पहलगाम की धरती पर गिरा खून सूख चुका है..लेकिन वह भारत की असंख्य आंखों में उतर आया है..जब खून किसी की आंखों में उतर आता है तो उसका अंजाम बहुत भयानक होता है..भयानक उसके लिए, जिसकी वजह से वह आंखों में उतर आता है...तब उन आंखों का पानी धीरे–धीरे मरने लगता है और उसकी हर सूखी बूंद से उपजा सैलाब कहर बन कर टूटता है। भारत की असंख्य आंखों की सूख रही बूंदों से वही सैलाब उमड़ने वाला है। बिहार के मधुबनी में प्रधानमंत्री मोदी का यह कहना कि घाटी में बेगुनाह खून बहाने वालों का पीछा किया जाएगा, उन्हें खोज निकाला जाएगा और दंडित किया जाएगा..दरअसल उसी सैलाब की निशानी है..

अगस्त 2019 में जम्मू–कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 का खात्मा होने के बाद घाटी धीरे–धीरे पटरी पर लौटने लगी थी, कुछ पिछली सदी के नब्बे के दशक से पहले की स्थिति में आने लगी थी। घाटी में परिंदों की चहचहाहट के साथ ही सैलानियों के तराने गूंजने लगे थे। इसके साथ घाटी में खुशहाली लौट रही थी। पत्थर थामने और सेना पर उन्हें उछालने वाले हाथों में कहीं पतवार तो कहीं घोड़े की लगाम तो कहीं सैलानियों को राह दिखाने वाले जज्बात आने लगे थे। कश्मीर की कालीनों को एक बार फिर रंग मिलने लगा था, उन्हें कद्रदानों की बाढ़ आने लगी थी...कश्मीर के केसर की रंगत और सुगंध दूर तक फैलने लगी थी..घाटी के मेवे की पहुंच एक बार फिर दुनिया के बाजारों तक होने लगी थी..लेकिन कंगाली के दरवाजे पर खड़ा पाकिस्तान और उसके सैनिक आकाओं को यह खुशहाली पसंद नहीं आई। इसके बाद उन्होंने द रेसिस्टेंस फ्रंट के आतंकवादियों को आगे किया और पहलगाम में 24 भारतीय और दो विदेशी नागरिकों को मौत के घाट सुला दिया। भारतीय सेना की वर्दी में आए आतंकियों ने पुरुषों से कलमा पढ़ने को कहा। उनके धर्म पूछे और हिंदू बताते ही उनके सिरों को गोलियों से उड़ा दिया। इस कुकृत्य का शिकार बना भारतीय नौसेना का एक लेफ्टिनेंट, जिसकी महज छह दिन पहले ही शादी हुई थी...भारतीय वायुसेना का एक जांबाज, कानपुर का महज दो महीने पहले विवाहित एक जवान। एक मासूम बच्चे के सामने ही उसके पिता का खून बहा दिया गया। इस्लाम के नाम पर की गई इन हत्याओं के बाद आतंकी बोलते हुए चले गए कि मोदी को बता देना कि कश्मीर घाटी में जबरदस्ती बसाए जा रहे लोगों का यह बदला है। महज दो महीने और छह दिनों का सुहाग अपने मासूम आंखों के सामने उजड़ना कैसे बर्दाश्त होगा, उन मासूम लड़कियों के दिलों पर क्या गुजरेगी, इसका ध्यान उन खूनी दरिंदों ने एक बार भी नहीं सोचा। इस्लाम के नाम पर इंसानियत का कत्ल करते वक्त उनके हाथ नहीं कांपे, ट्रिगर दबाने वाली उंगलियां नहीं थरथराईं..ऐसे में कैसे माने कि इस्लाम के अनुयायी ऐसे भी हो सकते हैं?

इन मासूस हत्याओं के बाद भारत में उबाल है। भारत इसका बदला चाहता है। भारत ने कुछ कदम उठाए भी हैं। 1960 से लागू सिंधु नदी जल समझौता रोक दिया गया है। अटारी सीमा को बंद कर दिया गया है, भारत आए पाकिस्तानी नागरिकों को वापस लौटने को कह दिया गया है। सार्क के सदस्य देशों के लिए मिलने वाला विशेष वीजा रोक दिया गया है। पाकिस्तान के साथ कारोबार थम गया है। पाकिस्तान की जीवन रेखा है सिंधु और उसकी सहायक नदियों से मिलने वाला पानी। इन नदियों का करीब अस्सी फीसद पानी पाकिस्तान को मिलता है। पाकिस्तान के पंजाब और सिंध की खेती इसी पानी के दम पर लहलहाती है। पाकिस्तान के कई शहरों की प्यास भी यही पानी बुझाता है। पहले से कंगाली झेल रहे पाकिस्तान के लिए भारत की ओर से लगे ये प्रतिबंध उसकी परेशानी ही बढ़ाएंगे। दिखावे के लिए पाकिस्तान को भी कुछ कदम उठाने ही थे। उसने भी उठाए हैं, मसलन हवाई सीमा भारतीय विमानों के लिए बंद कर देना और कारोबार रोकना। लेकिन भारत की तुलना में उसकी अर्थव्यवस्था कुछ भी नहीं है। ऐसे में उसकी माली हालत खराब होना स्वाभाविक है।

आम भारतीय सिर्फ इन्हीं उपायों से ही संतुष्ट नहीं है। भारत का नागरिक इजरायल की तरह की कार्रवाई का खुलेआम समर्थन कर रहा है। अपने नागरिकों के खून का बदला खून से लेना चाहता है। पुलवामा के बाद जिस तरह भारत सरकार ने सर्जिकल स्ट्राइक की थी, उस तरह के हमले की उम्मीद भारतीय जनता कर रही है। अगर मोदी सरकार ऐसे फैसले लेती है, भारतीय सैनिक अपने नागरिकों के लहू का इंतकाम लेते हैं तो भारतीय लोगों का गुस्से पर पानी पड़ सकता है।

# कार्यालय नगर पालिका परिषद, बस्ती

## सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा निम्नलिखित भवन स्वामियो/क्रेतागणों तथा अन्य व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि निम्न भवनों के नाम परिवर्तन की कार्यवाही नगर पालिका परिषद बस्ती में बिचाराधीन है सम्बन्धित पक्षो को धारा 147 (2) की नोटिस भेजी जा चुकी है आपत्तिकर्ता सम्पूर्ण प्रमाण सहित विज्ञापन प्रकाशित होने के दिनांक से 30 दिन के अन्दर अपना पक्ष/आपत्ति नगर पालिका परिषद बस्ती के कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा सहनियम कार्यवाही करते हुए प्रकरण निस्तारित कर दिया जायेगा।

| क्र0 | प्रापर्टी आई0डी0 | आवेदन संख्या | वर्तमान नाम | प्रास्तावित नाम | | अधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | 6 |
| 1 | 0951701006020008R/ | PM5172526003516/ | श्रीमती मनु शुक्ला पत्नी डा0के0पी0शुक्ला | श्रद्धा मिश्रा | केशव प्रसाद शुक्ला | वारिसान |
| 2 | 0951701006031009R/ | PM5172526003506/ | श्री रंजीत उर्फ रणजीत सिंह पुत्र राजाराम | धनन्जय सिंह | रंजीत सिंह | वारिसान |
| 3 | 0951701008034440R/ | PM5172526003497/ | शीतला सिंह पुत्र सुमेर सिंह | रवि प्रकाश सिंह | शितला प्रसाद सिंह | वारिसान |
| 4 | 0951701001023637R/ | PM5172526003499/ | श्रीमती सावित्री देवी पत्नी स्व0 रामचन्दर गुप्ता | राजेन्द्र प्रसाद कसौधन | रामचन्द्र कसौधन | वारिसान |
| 5 | 0951701001025615R/ | PM5172526003501/ | श्रीमती सावित्री देवी पत्नी राम चन्दर | राजेन्द्र प्रसाद कसौधन | रामचन्द्र कसौधन | वारिसान |
| 6 | 0951701003021350R/ | PM5172526003488/ | अशोक कुमार पुत्र हीरा लाल | कृष्ण कुमार गुप्ता | अशोक कुमार गुप्ता | वारिसान |
| 7 | 0951701005023048R/ | PM5172526003487/ | शिवहर्ष पत्नी जगदेव प्रसाद | शैलेश | शिव प्रकाश सिंह | रजि0 वसीयत |
| 8 | 0951701006018640R/ | PM5172425003474/ | श्रीमती सोना देवी पत्नी श्री रामकृपाल | राम क पाल चौधरी | बाबू राम चौधरी | वारिसान |
| 9 | 0951701006020681R/ | PM5172526003482/ | श्रीमती सीता देवी पत्नी उग्रसेन | अजय वर्मा | उग्रसेन | वारिसान |
| 10 | 0951701007030837R/ | PM5172526003477/ | हनीफ मो0,नूर मोहम्मद पुत्रगण मो0 सिद्दीक | नूर मोहम्मद | मोहम्मद सिद्वीक | रजि0 सेल डीड |
| 11 | 0951701003022677R/ | PM5172425003475/ | सतीश चन्द्र, अशोक कुमार, सन्तोष कुमार, छोटेलाल पुत्रगण रामवृक्ष चौरसिया | छोटेलाल चौरसिया | राम बृक्ष चौरसिया | रजि0 सेल डीड |
| 12 | 0951701006029067R/ | PM5172425003471/ | मो0 हारून पुत्र स्व0 आबिद अली | सुभावती चौरसिया | शिव शंकर चौरसिया | रजि0 सेल डीड |
| 13 | 0951701002026847R/ | PM5172425003469/ | श्रीमती निर्मल अग्रवाल पत्नी श्री विजय कुमार अग्रवाल | प्रियंका | विनोद कुमार सोनी | रजि0 सेल डीड |
| 14 | 0951701005036029M/ | PM5172425003470/ | श्री अश्वनी कुमार , ओकार गुप्ता, शिवकुमार गुप्ता स्व0 श्री रामकरन | गोकुल प्रसाद सोनी | विश्वनाथ प्रसाद | रजि0 सेल डीड |
| 15 | 0951701005036029M/ | PM5172425003465/ | श्री अश्वनी कुमार , ओकार गुप्ता, शिवकुमार गुप्ता स्व0 श्री रामकरन | विवेक कुमार सोनी | गोकुल प्रसाद सोनी | रजि0 सेल डीड |
| 16 | 0951701005036029M/ | PM5172425003467/ | श्री अश्वनी कुमार , ओकार गुप्ता, शिवकुमार गुप्ता स्व0 श्री रामकरन | रीता सोनी | गोकुल प्रसाद सोनी | रजि0 सेल डीड |
| 17 | 0951701006031165R/ | PM5172425003464/ | श्री सुरेश चन्द्र पुत्र श्री राम प्यारे लाल | नीलेश श्रीवास्तवा | सुरेश चन्द्र श्रीवास्तवा | वारिसान |
| 18 | 0951701005019150R/ | PM5172425003461/ | श्यामा देवी पत्नी विश्वनाथ सोनार 1/2भाग, श्रीमती जनक नन्दनी पत्नी राम चन्दर 1/2 भाग | गीता सोनी | राम चन्द्र | रजि0 वसीयत |
| 19 | 0951701006031163R/ | PM5172425003463/ | श्री सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव पुत्र श्री राम प्यारे लाल | नीलेश श्रीवास्तवा | सुरेश चन्द्र श्रीवास्तवा | वारिसान |
| 20 | 0951701006028375R/ | PM5172425003462/ | श्री आदर्श कुमार श्रीवास्तव पुत्र श्री संकटा प्रसाद श्रीवास्तव | अमृतेश श्रीवास्तवा | आदर्श कुमार श्रीवास्तवा | वारिसान |
| 21 | 0951701008032034R/ | PM5172425003458/ | श्रीमती लक्ष्मी मिश्रा | अखिलेश पाल | रामेश्वर पाल | रजि0 सेल डीड |
| 22 | 0951701006031217R/ | PM5172425003457/ | श्रीमती कला श्रीवास्तव पत्नी श्री अरूण प्रकाश श्रीवास्तव | नुपूर श्रीवास्तवा | सुरेश चन्द्र श्रीवास्तवा | रजि0 वसीयत |
| 23 | 0951701008031926R/ | PM5172425003456/ | मीरा श्रीवास्तव पत्नी हरिहर प्रसाद श्रीवास्तव | रचना श्रीवास्तवा | हरिहर प्रसाद श्रीवास्तव | वारिसान |
| 24 | 0951701004026592R/ | PM5172425003454/ | श्री वृन्दावन वर्मा पुत्र स्व0 देवी प्रसाद व श्रीमती गुजराती देवी पत्नी स्व0 देवी प्रसाद | सविता गुप्ता | मनोज कुमार | रजि0 सेल डीड |
| 25 | 0951701006029669R/ | PM5172425003452/ | श्री मनोज कुमार अग्रवाल पुत्र ज्ञान चन्द्र अग्रवाल, श्रीमती अनीता पाल पत्नी संजय कुमार पाल 'जुज भाग' | अलपना अग्रवाल | मनोज कुमार अग्रवाल | वारिसान |
| 26 | 0951701008031433R/ | PM5172425003450/ | श्री दिनेश पाण्डेय, राजेश पाण्डेय, बृजेश पाण्डेय पुत्र शत्रुघन पाण्डेय | दिनेश प्रसाद पाण्डेय | शत्रुधन पाण्डेय | रजि0 सेल डीड |
| 27 | 0951701007030237R/ | PM5172425003449/ | चन्द्र लेखा पत्नी बैजनाथ गुप्ता | नवीन कुमार गुप्ता | बैजनाथ गुप्ता | वारिसान |
| 28 | 0951701006027541R/ | PM5172425003451/ | श्री एस0पी0तिवारी | उर्मिला देवी | राजाराम कसौधन | रजि0 सेल डीड |
| 29 | 0951701006023131R/ | PM5172425003448/ | ओंकार नाथ चौधरी पुत्र उदय राज चौधरी | अनिल कुमार चौधरी | ओमकार नाथ चौधरी | वारिसान |
| 30 | 0951701004027162R/ | PM5172425003447/ | रामभजन पुत्र विश्वनाथ प्रसाद | सीमा वर्मा | कैलाश नाथ वर्मा | रजि0 सेल डीड |
| 31 | 0951701004022311R/ | PM5172425003446/ | श्री अब्दुल हमीद, शब्बीर अहमद, समीर अहमद तथा खुर्शीद अहमद पुत्रगण स्व0 अब्दुल गफ्फार | रवि कुमार | दया शंकर | रजि0 सेल डीड |
| 32 | 0951701003022090R/ | PM5172425003445/ | अब्दुल कादिर पुत्र अब्दुल गफ्फार | अब्दुल कलाम | अब्दुल कादिर | वारिसान |
| 33 | 0951701006036090R/ | PM5172425003444/ | राशिदा बेगम पत्नी मो0 इजहारूल हक अन्सारी | मु0 इजहारूल अन्सारी | सगीर अहमद | वारिसान |
| 34 | 0951701006022527R/ | PM5172425003443/ | श्रीमती सरीफुनन्निशा पत्नी अब्दुल वहाव अब्दुल हादी पुत्र अब्दुल मुतल्लीव | सिराजुल हक | अब्दुल बहाद | वारिसान |
| 35 | 0951701005021294R/ | PM5172425003439/ | श्री पुनीत कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व. शिवनाथ श्रीवास्तव | शशि प्रभा गुप्ता | कृपा शंकर गुप्ता | रजि0 सेल डीड |
| 36 | 0951701008032569R/ | PM5172526003481/ | श्रीमती सन्नों श्रीवास्तव पुत्री राम अधारे लाल | मनीष कुमार पाण्डेय | शिव पूजन पाण्डेय | रजि0 सेल डीड |
| 37 | 0951701006025949M/ | PM5172526003479/ | भोला प्रसाद पुत्र बच्चू लाल | प्रदीप कुमार | भोला प्रसाद | रजि0 वसीयत |
| 38 | 0951701008031322R/ | PM5172425003468/ | श्रीमती सावित्री देवी | बृजकिशोर | अरून प्रसाद | रजि0 वसीयत |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, बस्ती**

पत्रांकः–579A /न0पा0प0 बस्ती/कर अनुभाग/विज्ञप्ति/2025–26    दिनांकः–25 अप्रैल 2025

# महराजगंज के तीन मेधावियों ने प्रदेश सूची में बनाया स्थान

**संवाददाता–महराजगंज।** यूपी बोर्ड परीक्षा में महराजगंज के तीन मेधावियों ने अपना डंका बजाया है। इन तीनों मेधावियों का नाम इंटरमीडिएट व हाईस्कूल में प्रदेश सूची में शामिल हैं। इंटरमीडिएट में जहां रामहर्ष इंटर कालेज के अभिषेक मद्धेशिया ने प्रदेश सूची में सातवां स्थान हासिल किया है। वहीं हाईस्कूल की सूची में दलसिंगार इंटर कालेज मंसूरगंज महराजगंज की दीपशिखा और श्रीमती कौशिल्या देवी इंटर कालेज चौमुखा की अनुपमा सिंह संयुक्त रूप से आठवें स्थान पर हैं। इंटरमीडिएट परीक्षा में अभिषेक ने जहां गोरखपुर–बस्ती मंडल में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है, वहीं हाईस्कूल में इन दोनों मेधावी छात्राओं के साथ देवरिया की प्रीति कुशवाहा का नाम भी आठवें नंबर पर है।

यूपी बोर्ड परीक्षा में इंटरमीडिएट में रामहर्ष इंटर कॉलेज निचलौल के छात्र अभिषेक मद्धेशिया ने प्रदेश में सातवां, मंडल और जिले में पहला स्थान हासिल किया है। उसने 500 अंक में 478 अंक यानी 95.60 प्रतिशत हासिल किया है। इंटर में उसका गणित, भौतिक विज्ञान और रसायन विज्ञान मुख्य विषय रहा है। वह आगे बीएससी की पढ़ाई पूरी करने के बाद केंद्रीय सेवा में जाने के लिए एसएससी स्नातक स्तर की परीक्षाओं की तैयारी करने का लक्ष्य बनाया है। वह निचलौल के ओबरी गांव का रहने वाला है।

दलसिंगार इंटर कालेज रतनपुरवा मंसूरगंज पनियरा की छात्रा दीपशिखा ने हाई स्कूल में प्रदेश स्तर पर आठवां स्थान हासिल कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। वह ध्आगे यूपीएससी की तैयारी करना चाहती है। उसका पसंदीदा विषय साइंस है। उसने 600 में 580 यानी 96.67 प्रतिशत अंक हासिल किया है। उसके पिता धर्मेंद्र कुमार गुप्ता दिल्ली में रहकर पेंट पालिस का काम करते हैं। वह अभी दिल्ली में हैं। माता शकुंतला देवी गृहिणी हैं। उसकी दो बड़ी बहनें दिव्या व प्रिया है। दिव्या मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में डीएमएलटी करती है। जबकि प्रिया अभी इंटर में है। एक छोटा भाई आर्यन अभी तीसरी कक्षा में है। पिता के पास केवल बीस डिस्मिल खेती है। वह बाहर पेंट पालिस कर परिवार का भरण–पोषण करते हैं।

श्रीमती कौशिल्या देवी इंटर कालेज चौमुखा जखिरा की अनुपमा सिंह ने हाईस्कूल में प्रदेश में आठवां स्थान हासिल किया है। उसने 600 में 580 यानी 96.67 प्रतिशत अंक हासिल किया है। घुघली के ग्राम सभा हरखी के निपनिया टोला की अनुपमा के पिता महावीर सिंह किसान हैं। सामान्य परिवार खेती–किसानी पर ही निर्भर है। माता रुक्मिणी देवी गृहिणी हैं। एक भाई कुणाण सिंह कक्षा नौ में पढ़ता है। पढ़ाई में शुरू से मेधावी अनुपमा सिंह आगे चलकर सिविल सेवा में आना चाहती है।

# कार्यालय नगर पंचायत गनेशपुर बस्ती

## ई–निविदा सूचना

एतद्द्वारा समस्त ठेकेदार को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत गनेशपुर बस्ती में मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने है जिसके लिए आनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य से सम्बन्धित निविदा प्रपत्र बेवसाईट http//etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगी। बेवसाईट पर उपलब्ध निविदा नोटिस में धरोहर धनराशि निविदा डालने की तिथि, समय कार्य करने की अवधि एवं निविदा लागत तथा निविदा के विस्तृत नियम एवं शर्तो का उल्लेख किया गया है। कार्य विवरण निम्नलिखित है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | योजना का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर धनराशि 10 प्रतिशत | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 सहित) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत गनेशपुर वार्ड 10 अझाराम यादव के घर से शम्भू के घर तक सी०सी० सड़क निर्माण कार्य। | मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना | 5,82,267 | 58,226 | 700 | 3 माह |
| 2 | नगर पंचायत गनेशपुर वार्ड 1 मो० हुसैन के घर से हासिम के घर तक सी०सी० सड़क निर्माण कार्य। | मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना | 5,54,852 | 55,485 | 700 | 3 माह |
| 3 | नगर पंचायत गनेशपुर वार्ड 1 में अबरार के घर से मुस्ताक के घर तक सी०सी० सड़क निर्माण कार्य। | मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना | 5,54,785 | 55,478 | 700 | 3 माह |

ई–निविदा (टेक्निकल एवं फाइनेन्शियल) निम्नलिखित विवरण के अनुसार बेवसाइड http://etender.up.nic.in पर आनलाईन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी कार्यालय नगर पंचायत गनेशपुर बस्ती से कार्यालय समय एवं दिवस पर प्रस्तुत की जा सकती है।

| क्रमांक | बेवसाइट पर ई–निविदा प्रकाश की तिथि व समय | तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | ई–निविदा डाउनलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 01–05–2025 | 13.00 बजे |
| 2 | ई–निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 01–05–2025 | 13.00 बजे |
| 3 | ई–निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 08–05–2025 | 13.00 बजे |
| 4 | ई–निविदा खोलने की तिथि/समय | 08–05–2025 | 14.00 बजे |

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत गनेशपुर
बस्ती

**अध्यक्ष**
नगर पंचायत गनेशपुर
बस्ती

पत्रांकः– 50/न0प0गनेशपुर–2025–26    दिनांक– 24–04–2025

# हाईस्कूल में प्रीति कुशवाहा और इंटर में श्वेता प्रसाद देवरिया टॉपर

संवाददाता–देवरिया। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा का परिणाम शुक्रवार को जारी हो गया। इसकी जिलास्तरीय टॉप टेन सूची में छात्राओं का दबदबा है। हाईस्कूल परीक्षा में जिले के टॉप टेन सूची में 15 छात्र छात्राओं ने स्थान बनाया है। इसमें 11 छात्राएं हैं। महज चार छात्र टॉप टेन सूची में शामिल हैं। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा की टॉप टेन सूची में कुल 16 छात्र छात्राओं ने स्थान बनाया है।

इसमें से 10 छात्राएं हैं। हाईस्कूल परीक्षा में श्री अनन्त इंटर कालेज सतरांव की छात्रा प्रीति कुशवाहा ने 96.67: अंक प्राप्त कर प्रदेश में आठवां स्थान और जिले में पहला स्थान हासिल किया है। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा में आरडीबी सीनियर सेकेंडरी स्कूल मठिया महावल महुआपाटन बाजार की छात्रा श्वेता प्रसाद (90.40:) अंक प्राप्त कर जिले में पहला स्थान हासिल किया है। छात्राओं की इस उपलब्धि से जिले में पठन पाठन की दिशा स्पष्ट हो रही है।

हाईस्कूल परीक्षा में श्री अनन्त इंटर कालेज सतरांव की छात्रा प्रीति कुशवाहा ने 96.67: अंक के साथ जिला टाप किया है। दूसरे स्थान पर सैय्यद मीर इब्राहिम गर्ल्स इंटर कालेज करजहां की शिवानी (95.83:) हैं। तीसरा स्थान सीएस मेमोरियल इंटर कालेज बेलकुंडा बनसप्ती बाजार की अमृता मौर्या (95.17:) ने हासिल किया है। पंडित वीएनएसएच शाहपुर शुक्ल की अन्नपूर्णा गोंड़ चौथे स्थान पर हैं। पांचवें स्थान पर महाराणा प्रताप इंटर कालेज कुर्मीपट्टी पथरदेवा की नंदनी सिंह (93.67:) हैं। छठवों स्थान पर दो बच्चे हैं। सैय्यद मीर इब्राहिम गर्ल्स इंटर कालेज कुर्मीपट्टी पथरदेवा की स्नेहा कुमारी और विद्या विहार पीएचएस भेंगारी बाजार की विशाल यादव (93.33:) हैं। 93.17: अंक पाकर दो छात्राएं व एक छात्र सातवें स्थान पर हैं। इसमें अशोक इटर कालेज रामपुर कारखाना की पिंकी प्रजापति, महाराणा प्रताप इंटर कालेज की मेनिका पांडेय और ओमप्रकाश राव इंटर कालेज बसंतपुर रामपुरगढ़ के राजन यादव शामिल हैं। आठवें स्थान राम प्रकाश मल्ल इंटर कालेज रामनगर गौरीबाजार की छात्रा अर्चना गोंड़ (93:) हैं। नौवें स्थान पर 92.83: अंक के साथ राजकीय इंटर कालेज देवरिया की शालिनी सिंह और महाराणा प्रताप इंटर कालेज कुर्मीपट्टी के राजन प्रजापति रहे हैं। दसवें स्थान पर लोहिया इंटर कालेज सहवां की वर्षा मद्देशिया और पंडित दीनदयाल राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कालेज के हिमांशु गोंड़ हैं।

इंटरमीडिएट परीक्षा में पहला स्थान आरडीबी सीनियर सेकेंड्री स्कूल मठिया महावल महुआपाटन बाजार की श्वेता प्रसाद ने 90.40: अंक के साथ हासिल किया है। दूसरे स्थान पर बलदेव सिंह चंदेल इंटर कालेज हरैया बसंतपुर के साहिल रौनियार ने 90.20:अंक के साथ हासिल किया है। तीसरे स्थान पर शिवाजी इंटर कालेज के साहिल रौनियार (89.60:) ने हासिल किया है। चौथा स्थान पंडित टी नाथ मिश्र इंटर कालेज जिगिना मिश्र के शिवेंद्र तिवारी (89.40:) ने हासिल किया है। 88.60: अंक पाकर पांचवें स्थान पर तीन छात्राओं ने बाजी मारी है। इसमें जनता इंटर कालेज रामपुर कारखाना की ज्योति यादव, महाराणा प्रताप इंटर कालेज कुर्मी पट्टी की आफिया खातून और संत पुष्पा इंटर कालेज शांति नगर महुआबारी की रम्शा खान है।

छठवें स्थान पर 88.20: अंक के साथ बाहर सिंह श्रीनेत इंटर कालेज इंदूपुर के अनिकेश कुमार, बीआरडी इंटर कालेज भेलीपट्टी पथरदेवा की प्रियांशी पांडेय और संत दिगम्बर नाथ हायर सेकेंड्री स्कूल पचरुखिया के संगम बरनवाल ने नाम रोशन किया है। जनता इंटर कालेज पिपरा कछार की प्रज्ञा गुप्ता और जनता इंटर कालेज रामपुर कारखाना के संगम यादव 87.80: अंक के साथ सातवां स्थान हासिल किया है। मंजूर अली इंटर कालेज करजहां की काजल वर्मा ने 87.60: अंक के साथ आठवां स्थान हासिल किया है। जनता इंटर कालेज रामपुर कारखाना की स्वाति पांडेय ने 87.40: अंक के साथ नौंवा स्थान पाया है। दसवें स्थान पर 87.20: अंक के साथ सीएस मेमोरियल इंटर कालेज बेलकुंडा के अजय कुमार निषाद और ज्योति रहे हैं।

# घुघूलपुर में पांच करोड़ 26 लाख की लागत से बस अड्डे का निर्माण शुरू

बलरामपुर, संवाददाता। सदर तहसील के घुघूलपुर गांव में 5.26 करोड़ रुपये से रोडवेज बस अड्डा का निर्माण शुरु हो गया है। मिट्टी पटाई के बाद बाउंड्रीवॉल का निर्माण होगा। आधुनिक संसाधनों से लैस रोडवेज बस अड्डे का निर्माण 18.30 बीघे में होगा। कई राज्यों की रोडवेज बसों के आने से श्रावस्ती में देश–विदेश के सैलानियों व शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर धाम तुलसीपुर के श्रद्धालुओं को लाभ मिलेगा।

श्रावस्ती बौद्ध तीर्थ स्थल में भारी संख्या में अनुयायी हर वर्ष पूजा–प्रार्थना के लिए आते हैं, जिसे देखते हुए वर्ष 2020 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बलरामपुर को इंटर स्टेट बस टर्मिनल की सौगात दी थी। दिल्ली के कश्मीरी गेट बस स्टेशन की तर्ज पर रोडवेज बस अड्डा का निर्माण होगा। यहां से दूसरे राज्यों के लिए रोडवेज बसों का संचालन होगा। बस अड्डा का निर्माण होने से श्रावस्ती में आने वाले बौद्ध व जैन धर्म के लोगों को लाभ मिलेगा। इसके अलावा शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर तुलसीपुर में हर वर्ष चौत्र व शारदीय नवरात्र में मां पाटेश्वरी की पूजा–अर्चना के लिए आने वाले देश–विदेश के श्रद्धालुओं को भी इंटर स्टेट बस टर्मिनल का लाभ मिलेगा। हरियाणा, मध्य प्रदेश, मुंबई, कोलकाता, पंजाब, राजस्थान, दिल्ली व उत्तरांचल के लिए सीधी बस सेवा चालू होगी। उत्तर प्रदेश के अन्य शहर आगरा, कानपुर, प्रयागराज, अयोध्या व वाराणसी आदि स्थानों से देवीपाटन आने वाले श्रद्धालुओं को लाभ मिलेगा। एआरएम गोपीनाथ दीक्षित ने बताया कि बौद्ध तीर्थ स्थल श्रावस्ती जनपद से सटे सदर तहसील के घुघुलपुर गांव में इंटर स्टेट रोडवेज बस अड्डा का निर्माण मिट्टी पटाई के साथ शुरु हो गया है। मिट्टी पटाई के बाद सबसे पहले कार्यदायी संस्था यूपी सिडको रोडवेज बस अड्डा के बाउंड्रीवॉल का निर्माण कराएगी।

# यूपी बोर्ड: इंटर में हर्षिता दूबे, हाईस्कूल में उम्मे व अनन्या गोरखपुर की टॉपर



**संवाददाता—गोरखपुर।** उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) का परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिया गया। गोरखपुर जिले में इंटरमीडिएट में 84.07 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। हाईस्कूल में 91.17 प्रतिशत छात्र—छात्राओं ने बाजी मारी है। इंटर में रामसखी रामनिवास बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज भरौली की छात्रा हर्षिता दूबे ने 91.40 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में टॉप किया है। हाईस्कूल में सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज आर्यनगर की उम्मे कुलसुम फातमा व कमला सिंह इंटर कॉलेज सहजनवा की अनन्या मोदनवाल ने संयुक्त रूप से जिला टॉप किया है। दोनों को 94.83 प्रतिशत अंक मिले हैं। इंटरमीडिएट में शबनम मेमोरियल इंटर कॉलेज बड़हलगंज के आलोक निषाद व विमल मांटेसरी गर्ल्स इंटर कॉलेज, गोरखपुर की अपूर्वा त्रिपाठी ने 90.80 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया है। नवल्स नेशनल एकेडमी फुलवरिया की श्रेया पांडेय व सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज आर्यनगर के अनुराग कुमार को 90.60 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में तीसरा स्थान मिला है।

इसी तरह हाईस्कूल में 94.50 प्रतिशत अंकों के साथ भारतीय इंटर कॉलेज, तिहामुहम्मदपुर की अन्या जायसवाल को दूसरा स्थान मिला है। पटेल स्मारक इंटर कॉलेज, भटहट की छात्रा आकृति और आरएस पब्लिक स्कूल, काजीपुर, डोहरिया बाजार की छात्रा अंशिका यादव 94.17 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

प्रदेश की टॉप—10 सूची में गोरखपुर का कोई विद्यार्थी शामिल नहीं है। रीजन में इंटरमीडिएट में भी टॉप—10 की सूची में जिले का कोई छात्र शामिल नहीं है। हाईस्कूल में दो छात्राएं शामिल हैं। जिला टॉपर उम्मे कुलसुम और अनन्या मोदनवाल रीजन की सूची में 10वें स्थान पर काबिज होने में सफल रहीं।

छात्राओं ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में शानदार प्रदर्शन किया है। इंटरमीडिएट के टॉप—10 में कुल 18 विद्यार्थी शामिल हैं, जिनमें 10 छात्र और 8 छात्राएं हैं। हाईस्कूल के टॉप—10 में 18 में से 13 छात्राएं हैं। ओवरऑल भी छात्राओं ने छात्रों से बेहतर परिणाम दिया है।

गोरखपुर मंडलीय कारागार में दो कैदियों ने इंटरमीडिएट की परीक्षा दी थी। ये दोनों ही उत्तीर्ण होने में सफल रहे। इस तरह जेल से परीक्षा देने वालों का परिणाम शत प्रतिशत रहा।

# इंस्टाग्राम पर शादीशुदा से प्यार, मिलने गया मारा गया सलाहुद्दीन



**संवाददाता—सिद्धार्थनगर।** गुलहरिया निवासी सलाहुद्दीन हत्याकांड का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया। शादीशुदा प्रेमिका से मिलने के दौरान देख लेने पर महिला के गांव के ही युवकों ने लाठी डंडे से पीटकर मार डाला। इस कांड में शामिल दो आरोपियों को जोगिया पुलिस और एसओजी ने चौरासी से चोरवर जाने वाले मार्ग से गुरुवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने के बाद न्यायालय रवाना कर दिया। पुलिस के मुताबिक कांड में शामिल तीन अन्य की तलाश की जा रही है। इंस्टाग्राम पर प्यार हुआ था और मिलने के लिए गया था।

एसओ जोगिया अनूप कुमार मिश्र ने बताया कि क्षेत्र के तुरकौलिया गांव के पास खेत में सलाहुद्दीन पुत्र साहबुद्दीन निवासी गुलहरिया थाना खेसरहा की लाश मिली थी। इस मामले में मृतक के चचेरे भाई की तहरीर पर एक नामजद सहित अज्ञात पर हत्या का केस दर्ज करके मामले की जांच शुरु की गई। एसओजी प्रभारी जीवन त्रिपाठी के साथ टीम मामले की जांच में जुटी तो पता चला कि प्रेम प्रसंग से जुड़ा। तार—तार जुड़े तो आरोपियों के नाम सामने आ गए। इसके बाद उनकी गिरफ्तार के लिए टीम लग गई। मुखबिर की सूचना पर गुरुवार सुबह चौरासी से चोरवर जाने वाले मार्ग पर घटना में शामिल दो लोगों को पकड़ा गया। उनकी पहचान धीरज, सनी देओल निवासी सियरापार थाना उसका बाजार के रूप में की गई। पूछताछ में उन्होंने पीटकर मारने की बात स्वीकार की है। इसमें तीन और लोग शामिल हैं, जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पकड़ने के लिए टीम लगी हुई है।

पुलिस के मुताबिक लोगों से पूछताछ में यह तथ्य प्रकाश में आया कि मृतक सलाहुद्दीन का कुछ दिन पहले सियरापार की एक महिला से इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी। जो महिला पहले से ही शादीशुदा थी। दोनों एक दूसरे से बातचीत करने व मिलने लगे थे, घटना के दिन मृतक सलाहुद्दीन अपने ही गांव के एक मित्र समीम को लेकर अपनी महिला मित्र से मिलने बाइक से सियरापार आया था।

सियरापार ग्राम के बाहर नदी तट बंधे के पास सलाहुद्दीन अपनी महिला मित्र से मिलने लगा और उसका दोस्त बाइक लेकर कुछ दूर पर उसका इंतजार कर रहा था। तभी महिला के गांव सियरापार के ही धीरज,सनी देओल और कुछ अन्य लोगों ने सलाउद्दीन को उस महिला के साथ देख लिए। इसके बाद यह सभी लोग सलाउद्दीन को लाठी डंडे से मौके पर ही मारने पीटने लगे। इस मारपीट के दौरान सलाहुद्दीन की मौके पर ही मृत्यु हो गई। यह मारपीट देखकर सलाहुद्दीन का दोस्त समीम दूर से ही बाइक लेकर मौके से भाग गया था। लाश को छोड़कर मौके से भाग निकले थे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत-धनघटा वि0ख0 गौर जनपद- बस्ती

### अल्पकालिक निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2025—26 में 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/अंत्येष्टि स्थल/स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजनान्तर्गत प्राथमिक विद्यालय/ पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण, सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 26—04 2025 से 02—05—2025 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपरान्ह 12.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सील बंद निविदा प्राप्त कर जमा कर सकते है। दिनांक 02—05—2025 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 02.00 बजे खोली जायेगी, निविदा फर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्राक्कलन के अनुसार | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतम दर पर |
|---|---|---|---|
| 1 | टाइल्स, शुलभ/सामुदायिक शौचालय | | |
| 2 | सीमेन्ट, बालू, गिट्टी, छड़ | | |
| 3 | ईट, हैण्डपम्प रिबोर, हरा चारा, सूखा चारा, चुन्नी सीमेंटेड ईट | | |
| 4 | पलम्बरी सामग्री, खेल कूद के मैदान पर खेल कूद की सामग्री | | |
| 5 | समसिबल, विद्युत तार, जलसंचयन सम्बन्धी कार्य | | |
| 6 | इण्टरलाकिंग टाइल्स सामग्री गोवंश आश्रय केन्द्र पर भूसा अन्य | | |
| 7 | डेस्क, बेंच फर्नीचर/आलमारी | | |
| 8 | ग्रीन बोर्ड पर्दा, अन्त्येष्टी स्थल, सूखा—गीला कचरा प्रबंधन व कम्पोस्ट गड्ढा इत्यादि | | |
| 9 | भूसा, वृक्षारोपण (पौधा कम से कम 6 फीट का होना चाहिए) | | |
| 10 | कंस्ट्रक्शन ज्वाइंट, आंगनबाड़ी केन्द्र | | |
| 11 | नाली निर्माण सामग्री, पंचायत भवन | | |
| 12 | खंड़जा, सोख्ता, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट | | |
| 13 | योगा/व्यायाम सामग्री, मॉडर्न वृक्षारोपण, ह्यूम पाईप, सी.सी. टीवी कैमरा ए.सी.पी. बोर्ड, दिशा सूचक/साईन बोर्ड/शिलापट्ट या फैन्सग्रास | | |
| 14 | पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, आपरेशन कायाकल्प, फागिंग मशीन, लाल ईंट आदि। | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तें**— सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। समाग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्लू.डी. की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रू0—50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**(रामशंकर)** ग्राम प्रधान **(कौशलेन्द्र पाल)** ग्रा0पं0/ग्रा0वि0अधि0

**पत्रांक मेमो /25.04.2025 वित्तीय वर्ष 2025—26**

# स्पर्श विद्यालय में शत—प्रतिशत रिजल्ट पाकर खुश हुए दृष्टिदिव्यांग छात्र

**संवाददाता—गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) द्वारा घोषित दसवीं एवं बारहवीं कक्षा के परिणाम में स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित बालक इंटर कॉलेज लालडिग्गी के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर शत—प्रतिशत सफलता अर्जित की। हाईस्कूल परीक्षा में शिवानन्द विश्वकर्मा ने 86.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं सृजन द्विवेदी ने 84.8 प्रतिशत के साथ द्वितीय और अमन सिंह ने 82.3 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान हासिल किया। इंटरमीडिएट में प्रदीप कुमार यादव ने 72.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य लक्ष्मीशंकर जायसवाल ने सभी छात्रों को उनकी मेहनत व लगन के लिए बधाई दी और उन्हें आगे भी इसी प्रकार परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ये परिणाम दृष्टिदिव्यांग छात्रों की क्षमताओं और आत्मविश्वास का प्रमाण हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रवक्ता राजकुमार यादव, अम्बुज शुक्ल, पुष्पेश आर्य, सुरेश चन्द्र, प्रदीप कुमार मिश्र, रविकान्त पाण्डेय, कृष्ण मुरारी, रविन्द्र कुमार, चन्द्र प्रकाश, विनोद कुमार और प्रकाश चन्द्र रैदास सहित समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने छात्रों को शुभकामनाएं दीं।


### अदालती नोटिस

सम्मन बनाम कायम मुकाम कानूनी मुद्दाअलेह मुतवफ्फा
(आर्डर 22, कायदा 4)
न्यायालय—श्रीमान चतुर्थ अति0 सिविल जज (जू0डि0) महोदय बस्ती जिला—बस्ती
वाद सं0—408/2008
शम्भू प्रसाद
बनाम
हरीराम आदि

4/1 विशम्भर पुत्र रामलखन 4/2 गीता देवी 4/3 रीता देवी 4/4 अनीता देवी 4/5 विनीता देवी 4/6 संगीता देवी पुत्रगण रामलखन समस्त निवासीगण ग्राम हरिहरपुर तप्पा सगरा परगना रसूलपुर तहसील भानपुर जिला—बस्ती

**तारीख पेशी 14—05—2025**

हरगाह मुद्दई ने एक नालिश इस अदालत में बतारीख माह सन 20 ई0 बनाम मुद्दाअलेह के रूजू की थी, जो बाद की मौत हरगाह मुद्दई मजकूर ने एक दरख्वास्त इस अदालत में गुजारी है कि आप मुतवफ्फा मजकूर का कायम मुकाम कानूनी वारिस है और चाहता है कि बजाय उसके मुद्दाअलेह बनाये जांय।

लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 14 माह 05 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे इस अदालत में हाजिर होकर मुकदमा मजकूर जबाबदेही कीजिये और अगर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा।

बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन बनाम कायम मुकाम कानूनी मुद्दाअलेह मुतवफ्फा
(आर्डर 22, कायदा 4)
न्यायालय—श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) एफ0टी0सी0 महोदय बस्ती जिला—बस्ती
वाद सं0—197/2016
श्याम बिहारी
बनाम
मकबूल हसन आदि

2/1 सुरेश चन्द्र उम्र लगभग 40 साल 2/2 उमेश चन्द्र उम्र लगभग 38 साल 2/3 संतोष उम्र लगभग 35 साल 2/4 दिनेश उम्र लगभग 30 साल पुत्रगण विश्वनाथ समस्त निवासीगण ग्राम गनेशपुर हाल मुकाम सिंगरहा तप्पा नेतवर परगना विनायकपुर तहसील नौगढ़ जिला सिद्धार्थनगर

—प्रतिवादीगण प्रथम वर्ग

**तारीख पेशी 15—05—2025**

हरगाह मुद्दई ने एक नालिश इस अदालत में बतारीख माह सन 20 ई0 बनाम मुद्दाअलेह के रूजू की थी, जो बाद की मौत हरगाह मुद्दई मजकूर ने एक दरख्वास्त इस अदालत में गुजारी है कि आप मुतवफ्फा मजकूर का कायम मुकाम कानूनी वारिस है और चाहता है कि बजाय उसके मुद्दाअलेह बनाये जांय।

लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 15 माह 05 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे इस अदालत में हाजिर होकर मुकदमा मजकूर जबाबदेही कीजिये और अगर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा।

बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय—श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) महोदय बस्ती जिला—बस्ती
वाद सं0—305/2022
अब्दुल मजीद
बनाम
कमरून्निशा आदि

1. श्रीमती कमरून्निश विधवा अब्दुल हई पुत्री अब्दुल सत्तार 2. अब्दुल अहद 3. अब्दुल कमर 4. अब्दुल समद 5. मो0 इसहाक पुत्रगण स्व0 अब्दुल हई 6. शकील अहमद 7. वकील अहमद 8. शहाबुद्दीन 9. समशुद्दीन पुत्रगण स्व0 मो0 सईद 10. श्रीमती सिराजुनिशा विधव मो0 सईद 11. अब्दुल फरीद पुत्र रसीद 12. श्रीमती कहकशा बानो विधवा रसीद 13. अब्दुल रहमान 14. अब्दुल नूर 15. ताहिर अली पुत्रगण स्व0 अब्दुल हादी उर्फ मो0 हादिक 16. श्रीमती नूरजहॉ विधवा स्व0 अब्दुल हादी समस्त निवासीगण ग्राम कटरिया नानकार तप्पा सगरा परगना रसूलपुर तहसील भानपुर जिला—बस्ती

**तारीख पेशी 29—05—2025**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 29 माह 05 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

—द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन बनाम कायम मुकाम कानूनी मुद्दाअलेह मुतवफ्फा
(आर्डर 22, कायदा 4)
न्यायालय—श्रीमान अष्टम् अति0 सिविल जज (जू0डि0) महोदय बस्ती जिला—बस्ती
वाद सं0—614/2020
रणजीत सिंह
बनाम
नीतू सिंह आदि

4/1 राजेश प्रताप सिंह पुत्र रणबहादुर 4/2 अजय प्रताप सिंह पुत्र रणबहादुर मौजा उसका तप्पा अतरोह परगना बस्ती पश्चिम तहसील हर्रैया जिला—बस्ती

**तारीख पेशी 23—05—2025**

हरगाह मुद्दई ने एक नालिश इस अदालत में बतारीख माह सन 20 ई0 बनाम मुद्दाअलेह के रूजू की थी, जो बाद की मौत हरगाह मुद्दई मजकूर ने एक दरख्वास्त इस अदालत में गुजारी है कि आप मुतवफ्फा मजकूर का कायम मुकाम कानूनी वारिस है और चाहता है कि बजाय उसके मुद्दाअलेह बनाये जांय।

लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 23 माह 05 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे इस अदालत में हाजिर होकर मुकदमा मजकूर जबाबदेही कीजिये और अगर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा।

बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम


# हाईस्कूल में अयोध्या के दो मेधावियों ने यूपी की टॉप टेन लिस्ट में बनाया स्थान



**संवाददाता—अयोध्या।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में इस बार जिले का निराशाजनक परिणाम सामने आया है। हाईस्कूल टॉप टेन प्रदेश की सूची में एक छात्रा और एक छात्र ही स्थान बना पाने में कामयाब हुए हैं। जबकि इंटरमीडिएट में किसी भी छात्र को टॉप टेन में स्थान नहीं मिली है। बोर्ड की ओर से जारी सूची के अनुसार माधव सर्वोदय इंटर कालेज, उसरू अमौना के छात्र अनूप कुमार को प्रदेश की टॉप टेन सूची में 39वां स्थान हासिल हुआ है। अनूप कुमार को 600 में 579 अंक मिले हैं। उन्होंने कुल 96.50 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। जबकि कनौसा कान्वेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्रा कशफ फातमा को हाईस्कूल टॉप टेन में स्थान मिला है। कशफ को 600 में से 578 अंक मिले हैं। कशफ का कुल प्राप्तांक प्रतिशत 96.33 है। इसके अलावा इंटरमीडिएट के नतीजों में एक भी छात्र प्रदेश की टॉप 10 लिस्ट में स्थान नहीं बना सका है। जिले में कुल 109 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इस बार 79,206 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे।


### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय—श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) महोदय बस्ती जिला—बस्ती
वाद सं0—59/2014
राजाराम
बनाम
रामकेश आदि

7/1 किसनवता उम्र करीब 32 साल पत्नी टेपई ग्राम डड़वा तप्पा कपरी महसो परगना महुली पश्चिम तहसील व जिला—बस्ती 7/2 ज्ञानमती उम्र करीब 28 साल पत्नी धर्मेन्द्र ग्राम चनुआमहरई तप्पा कोरऊ परगना महुली पश्चिम तहसील व जिला—बस्ती

**तारीख पेशी 07—05—2025**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 07 माह 05 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

—द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय—श्रीमान प्रथम अति0 सिविल जज (जू0डि0) महोदय बस्ती जिला—बस्ती
वाद सं0—724/2024
अजय यादव
बनाम
पूनम देवी

1.पूनम देवी आयु लगभग 40 साल पत्नी अनिल कुमार 2. अनिल कुमार आयु लगभग 42 साल पुत्र भगवान दास साकिनान ग्राम पेनहा तप्पा पुरैना परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला—बस्ती

**तारीख पेशी 07—05—2025**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 07 माह 05 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

—द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय—श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) महोदय बस्ती जिला—बस्ती
वाद सं0—879/2024
अजीजुलहक
बनाम
समसुलहक आदि

1. समसुलहक 2. रिजवानुलहक 3. वलीउलहक 4. अब्दालुलहक पुत्रगण जमीर अहमद निवासीगण बनकसही तप्पा हवेली परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला—बस्ती

**तारीख पेशी 29—05—2025**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 29 माह 05 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

—द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय—श्रीमान प्रथम अति0 सिविल जज (जू0डि0) महोदय बस्ती जिला—बस्ती
वाद सं0—438/2024
जुगेश
बनाम
चन्द्रकान्ती आदि

1.चन्द्रकान्ती अरोरा पत्नी स्व0 मोहन लाल 2. संजय अरोरा पुत्र स्व0 मोहन लाल 3. पूजा अरोर पुत्री स्व0 मोहन लाल 4. रमेश सडाना पुत्र स्व0 जगदीश लाल निवासीगण मकान नं0— 103 वार्ड नं0—2 सुर्तीहट्टा पुरानी बस्ती तप्पा हवेली परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला—बस्ती

**तारीख पेशी 26—05—2025**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 26 माह 05 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

—द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन बनाम कायम मुकाम कानूनी मुद्दाअलेह मुतवफ्फा
(आर्डर 22, कायदा 4)
न्यायालय—श्रीमान द्वितीय अति0 सिविल जज (जू0डि0) महोदय बस्ती जिला—बस्ती
इजरा सं0—04/2011
कृष्णचन्द्र आदि
बनाम
रामदौड़ आदि

1/1 रामकिशुन 1/2 साधूराम 1/3 रामकिशेर 1/4 रामनयन निवासीगण मौजा घोरहट तप्पा बनकट परगना महुली पूरव तहसील धनघटा जिला संतकबीरनगर

**तारीख पेशी 16—05—2025**

हरगाह मुद्दई ने एक नालिश इस अदालत में बतारीख माह सन 20 ई0 बनाम मुद्दाअलेह के रूजू की थी, जो बाद की मौत हरगाह मुद्दई मजकूर ने एक दरख्वास्त इस अदालत में गुजारी है कि आप मुतवफ्फा मजकूर का कायम मुकाम कानूनी वारिस है और चाहता है कि बजाय उसके मुद्दाअलेह बनाये जांय।

लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 16 माह 05 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे इस अदालत में हाजिर होकर मुकदमा मजकूर जबाबदेही कीजिये और अगर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा।

बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

इश्तहार मजरिया अदालत— श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) बस्ती
उत्तराधिकार वाद सं0 86/2025
शाबिर—सायलान

1. शाबिर 2. अली हसन 3. इम्ताज अली 4. मुमताज अली 5. आफत अली पुत्रगण राज मोहम्मद 6. रेहाना पुत्री राज मोहम्मद

**तारीख पेशी 02—05—2025**

दरख्वास्त मुसम्मा
वास्ते हुसूल सर्टीफिकेट वसूल कर्जा व विकालत हाय दरख्वास्त मुसम्मा मुतवफ्फा अपने बमूजिब एक्ट 7 सन 1889 ई0 वकैद

हरगाह मुसम्मा श्रीमती सरस्वती ने दरख्वास्त हुसूल सर्टीफिकेट गुजरानी है और तारीख माह सन ई0 वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है। लिहाजा यह इश्तिहार जारी किया जाता है कि किसी को निस्बत के उज्र हो या असालतन या वकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (सी0डि0) बस्ती बतारीख पेशी 02—05—2025 मुकर्रर हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दरसूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उज्र किसी का सुना न जायेगा और हुक्म मुनासिब निस्बत दरख्वास्त मजकूर के सादिर होगा।

अलमरकूम माह सन 20 ई0।

द0 हाकिम



**दैनिक भारतीय बस्ती**

**संस्थापक सम्पादक स्व. दिनेश चन्द्र पाण्डेय**

**स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस वि0. नया हाल 1—4 A लोहिया काम्पलेक्स जिला पंचायत भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।**

प्रबन्ध सम्पादक—**दिनेश सिंह**
संयुक्त सम्पादक—**प्रदीप चन्द्र पाण्डेय**
**अयोध्या—फैजाबाद कार्यालय—** चतुर्भुजी मंदिर परिसर लक्ष्मण घाट अयोध्या—फैजाबाद
**लखनऊ कार्यालय—** आशियाना चौराहा, एल.डी.ए. कालोनी, सेक्टर एच. कानपुर रोड लखनऊ।
**गोरखपुर कार्यालय—** इलाहीबाग गोरखपुर।
मो09450567450 9336715406,
ई.मेल bhartiyabasti@yahoo.com
bhartiyabasti@gmail.com